आरएसएस का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

बेगूसराय(आससे)। विजयादशमी एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर पथ संचलन का



आयोजन रविवार को दयानंद बस्ती(गढहरा बारों) बीहट नगर में संपन्न हुआ। पथ संचलन आर्य समाज मंदिर अपने संघ स्थान से प्रारम्भ हो कर हनुमान मंदिर चौक बारों बाजार, शिवाला घाट बारों, बारों मुसहरी सलेमपूर, गढहरा ठाकुरवाड़ी से ईश्वर लाल मार्केट होते हुए संघ के स्वयंसेवक अपने परम्परागत घोष व पूर्ण गणवेश में नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल आर्य समाज मंदिर में पहुंचे। संचलन के मुख्य शिक्षक गोविंद आर्य और प्रार्थना वाचक विष्णु कुमार, एकल गीत अवध कुमार, सुभाषित अमृतवचन का वाचन अनुराग साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रेलवे से सेवानिवृत सुरेंद्र कुँवर ने किया। बौधिक सत्र संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक सह गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह उर्फ लल्लू बाबू का उद्बोधन सभी स्वयंसेवक बंधुओं को प्राप्त हुआ। मौके पर नगर कार्यवाह चंदन कुमार, नगर सह कार्यवाह गोविंद आर्य, धर्म जागरण प्रमुख जीतेन्द्र सिंह, जिला शारीरिक सह प्रमुख मुरारी मिश्र, मुकेश कुमार, सह खंड कार्यवाह मुकुंद माधव, स्वयंसेवक अमित ठाकुर, यशस्वी आनंद, प्रदीप, रौशन मिश्रा, संतोष आर्य, अनिल साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक नंदकिशोर गुप्ता, रजनीश कुमार रबीन्द्रनाथ ठाकुर, शिवजी आर्य सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

प्रधान डाक घर के सहायक सुनील कुमार डाक कर्मचारी वर्ग-३ के बने अध्यक्ष

बेगूसराय(आससे)। अखिल भारतीय डाक कर्मचारी वर्ग-३ के ११वें प्रमंडलीय अधिवेशन में प्रधान डाक घर के सहायक सुनील कुमार सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुने गये। इसमें पूर्व संघ के प्रान्तीय सचिव फूलदेव यादव ने दीप प्रज्जवलित कर अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने डाक कर्मचारियों के हितो के बार में विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी ने डाक कर्मियो के उचित मांगो से सहमति जताते हुए निदान करने का भरोसा दिया। अध्यक्षता अजय कुमार आजाद, प्रांतीय अध्यक्ष ने की। मंच का संचालन बेगूसराय प्रमंडल के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव श्री राम सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सी.पी. कुंवर, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष दीनानाथ साहू, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मिन साल आलम, श्रीकांत राय, एवं शंकर राय ने अपने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर चुनाव में अध्यक्ष सुशील कुमार सहायक बेगूसराय प्रधान घर बेगूसराय, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, उप डाकपाल मेघौल, रामाश्रय कुमार, डाक सहायक, तेघड़ा, इफ्तिकार अहमद उपडाकपाल उल्लाव, मधु सिंह उपडाकपाल बेलदौर, सचिव मनीष कुमार, उप डाकपाल गढ़हरा सहायक सचिव रौशन कुमार उप डाकपाल बरौनी, पुष्कर कुमार डाक सहायक खगड़िया मुख्य डाकघर, कौशल किशोर भगत डब्ल्यूटीसी ट्रेनर बेगूसराय प्रमंडल बेगूसराय, पवन कुमार उप डाकपाल बछवाड़ा, कोषा अध्यक्ष रवि कुमार पासपोर्ट कार्यालय प्रधान डाकघर बेगूसराय, सहायक कोषाध्यक्ष अनुज कुमार कार्यालय सहायक प्रमंडल कार्यालय बेगूसराय, संगठन सचिव कुमार मनीष, उप डाकपाल महेशखूँट, अनिल कुमार अमृत राज, उप डाकपाल रिफाइनरी टाउनशिप, मृत्युंजय कुमार डाक सहायक रिफाइनरी टाउनशिप दीपक कुमार एपीएम काउंटर, अंकेक्षक शुभम कुमार डाक सहायक बरौनी है।

एसपी ने पीटीसी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश

वीरपुर(आससे)। स्थानीय थाना में कार्यरत पीटीसी प्रभाकर कुमार को बेगूसराय एसपी द्वारा निलंबित किये जाने के बाद उसके विरुद्ध थाना में मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि बभनगामा निवासी सत्यम कुमार ने एसपी, डीआईजी, आईजी, मानवाधिकार आयोग आदि को आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने थाना के पीटीसी प्रभाकर कुमार पर एक आवेदन पत्र के जांच के दौरान घर आकर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया था। सदर डीएसपी टू ने जांच के दौरान आरोप को सत्य पाया।

इसके आलोक में एसपी ने उसे निलंबित कर दिया। निलंबन के उपरांत एसपी को दिये आवेदन के आधार पर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें गत १३ अक्टूबर को घर आकर गालीगलौज व मारपीट करने का आरोप प्रभाकर कुमार पर लगाया गया है। पीड़ित के अनुसार उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और न ही कोर्ट से कोई वारंट निर्गत है।

विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

बरौनी(आससे)। गढ़हरा दर्पण परिवार की ओर से शनिवार की शाम विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन गढ़हरा में समाजसेवी



मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में हुई। उपस्वास्थ्य केंद्र की पूर्व प्रभारी सीएचओ पारस मणि को जिला समस्तीपुर के सदर अस्पताल में स्टाफ नर्स ग्रेड ए(नर्सिंग ऑफिसर) पद पर नियुक्ति होने पर उन्हें फूलमाला पहनाकर अंगवस्त्र से सम्मान किया गया।

इस मौके पर वार्ड पार्षद चंद्रचूड़ साह, समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार, कुमार विनीताभ, विजय कुंवर, शिवजी कुमार, मुरारी कुमार, मोहन राय, विजय साह, सुरेश राय, संतोष आर्य, रंजीत कुमार, प्रेम कुमार, पप्पू कुमार, वीणा सिंह, रेखा देवी आदि ने विचार रखे। लोगों ने पारस मणि के समाज से जुड़ कर अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए उनके विचार, व्यवहार, स्वभाव, क्रियाकलाप की चर्चा भी किया। धन्यवाद ज्ञापन रिटायर्ड रेलकर्मी प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

सनहा पश्चिम की ग्राम सभा में जागरूक पात्र लाभुकों की सूची को दी गयी मंजूरी

साहेबपुरकमाल(आससे)। प्रखंड के सनहा पश्चिम पंचायत की मुखिया पूनम देवी की अध्यक्षता में हुई विशेष ग्राम सभा में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण और प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई होनी चाहिए। साथ ही, खुले में शौच नहीं करने का संकल्प लेकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाना होगा।

ठोस एवं तरल कचरे के उचित प्रबंधन के लिए स्वच्छता कर्मियों के साथ ग्रामीणों को भी सहयोग करना चाहिए। वृक्षारोपण से बढ़ेगी हरियाली, पूर्व प्रमुख ने हरित पंचायत के निर्माण पर जोर देते हुए




कहा कि पंचायत के सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों और सड़कों के किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने चाहिए। पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी सभी नागरिकों को निभानी होगी। इससे जैव विविधता को संरक्षित करने और स्थानीय पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। मौके पर उपस्थित कन्हैया कुमार पंचायतसचिन, प्रशांत सुमन कार्यपालक सहायक, पेक्स रतन कुमार पासवान, परमानंद ठाकुर उप सरपंच वार्ड सदस्य राम प्रकाश शर्मा, राजकुमार ताती, चंद्रावती देवी, नजर खातून, वार्ड पंच रेखा देवी, मोहम्मद नौशाद, शिवनंदन पोद्दार, अनवर आलम, गुंजन कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक, इंदु देवी विकास मित्र, निरंजन कुमार, अनिल महतो, आदि मौजूद थे।

साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से उड़ाये पांच हजार रुपये

बछवाड़ा(आससे)। प्रखंड क्षेत्र के रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम निवासी स्वर्गीय विष्णु देव राय के पुत्र संजय कुमार राय के स्टेट बैंक आफ इंडिया के बचत खाता से अवैध ढंग से पांच हजार रुपए निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना बेगूसराय को आवेदन देकर कहा है कि उनके मोबाइल पर अलग-अलग किस्तों में कुल पांच हजार रुपए की निकासी कर लेने का मैसेज आया। उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम कंट्रोल नंबर १९३० पर फोन कर एवं भारतीय स्टेट बैंक बछवाड़ा शाखा पहुंचकर खाते से निकासी पर रोक लगवाया। पीड़ित ने बताया है कि साइबर अपराधियों के द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से भद्दी भद्दी गलियां लिखकर भेजी जा रही है।

कलयुगी पुत्र ने माता-पिता को बेरहमी से पीटा

घर में किया तोड़फोड़, मामला पहुंचा पुलिस स्टेशन



छौड़ाही(आससे)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावंत अंतर्गत गांव छौराही, वार्ड संख्या ११ में कलयुगी पुत्र और पुत्रवधू के द्वारा माता-पिता को बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते पीड़ित पिता उक्त गांव निवासी राम सोगारथ महतो पिता सोमन महतो ने बताया कि रविवार अहले मेरा पुत्र मनोज महतो, राजा महता, पुत्रवधू रूना देवी मेरे और मेरी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट किया है। दुकान के छत को डंडा और ईंट से तोड़ कर चकनाचूर कर दिया है। मेरे जीने का एकमात्र सहारा दुकान ही था जिसे आज नष्ट कर दिया है। पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर थाना में न्याय की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष परेंद्र कुमार ने जानकारी देते बताया कि पिता पुत्र का मामला है आवेदन मिला है जांचोपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना में घायल दो भाइयों का मामला पकड़ा तूल

खोदावंदपुर(आससे)। खोदावंदपुर थाना क्षेत्र की मेघौल पंचायत अंतर्गत मलमल्ला गांव के वार्ड ९३ में रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मामले में मारपीट, बाइक दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने तथा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद गहरा गया है। रंजन कुमार के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग पुलिस अधिकारियों से की है. मिली जानकारी के अनुसार मलमल्ला गांव निवासी विनोद महतो के छोटे पुत्र ललन कुमार ने अपने पड़ोसी रामू महतो के पुत्र रंजन कुमार को किसी समस्या का समाधान कराने के लिए पांच हजार रुपये दिए थे। बताया जाता है कि काम नहीं होने के बाद ललन लगातार रंजन से रुपये वापस मांग रहा था। बताया जाता है कि रंजन वहां से निकलकर गांव के बाहर अपनी बाइक के पास पहुंचा था। इसी दौरान ललन भी बाइक से वहां पहुंचा।

बताया जाता है कि घटनाक्रम के दौरान ललन की बाइक अनियंत्रित हो गयी और सरोज कुमार को जोरदार धक्का लग गया। इससे सरोज और ललन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। रंजन के पक्ष का दावा है कि सरोज को रंजन ने धक्का नहीं मारा था। की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

वहीं रंजन के पिता एवं अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों के विवाद के बाद रंजन के साथ मारपीट की गयी और उल्टे उसके तथा उसके परिजनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी। उन्होंने मामले में लगाए गए आरोपों की सत्यता पर सवाल उठाते हुए पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

सत्ता का चरित्र इन्सानियत के विरूद्ध : डॉ. चन्द्रभानु

मुकेश के काव्य संग्रह का विमोचन समारोह संपन्न

बेगूसराय(आससे)। जनवादी लेखक संघ, जिला इकाई बेगूसराय के द्वारा संगठन के कार्यकारिणी सदस्य और जनपद के युवा साहित्यकार मुकेश कुमार के काव्य-संग्रह श्प्रेम पीयूषश और कहानी-संग्रह श्संस्कारश का लोकार्पण तथा इन्हीं पुस्तकों पर परिचर्चा का आयोजन स्थानीय बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के कर्मयोगी सभागार में किया गया। अध्यक्षता जलेसं जिला इकाई के अध्यक्ष और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के अवकाशप्राप्त हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र साह ने की जबकि सचिव राजेश कुमार ने संचालन किया। कार्यक्रम में आसिफा खातून, सायरा बानो, फातिमा प्रवीण और अलीशा खातून ने स्वागत-गान तथा मुकेश कुमार की दो कविताओं का सस्वर पाठ कर आगत अतिथियों का अभिनंदन



किया। मुकेश कुमार और कनक कुमारी ने शॉल से अतिथियों को सम्मानित किया। जलेसं के जिला उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर चौरसिया ने कहा कि मुकेश कुमार की रचनाओं में स्वप्न और चिंताएँ वायवीय न होकर यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। जलेसं के उप सचिव और बी०एस०एस० कॉलेजिएट इंटर कॉलेज बेगूसराय के हिन्दी प्रवक्ता डॉ. निरंजन कुमार ने कहा कि मुकेश कुमार की रचनाएँ पठनीय और विचारणीय हैं। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो० चन्द्र भानु प्रसाद सिंह ने कहा कि आज आमानवीकरण की प्रक्रिया का दौर है। सत्ता का चरित्र इंसानियत के विरुद्ध है। इस अवसर पर प्रो० रवीन्द्र ठाकुर, प्रभा कुमारी, प्रो० जिक्रुल्लाह खान, राजाराम साह, उपेन्द्र राम, सुबैर आलम, नरेंद्र कुमार सिंह, स्वाति गोदर, चंदन वत्स समेत कई साहित्यकारों ने अपने वक्तव्य से विषय केंद्रित परिचर्चा को संवृद्ध किया। समाजसेवी उमेश राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर रामाशीष राय, दीपक कुमार, कमल वत्स, रामनरेश सिंह, मोहन कुमार, संतोष कुमार, राजकिशोर सिंह, विजय कुमार चौधारी, रामसेवक चौधरी, जीवेश कुमार, जयदेव महतों सहित कई साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

भगवानपुर(आससे)। तेयाय ओपी पुलिस ने शराब बरामदगी कांड के फरार अभियुक्त को छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या १२१/२६, बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत आरोपी फरार था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओपी क्षेत्र के चुरामनचक निवासी श्रीदेव राय के पुत्र राजा कुमार के रूप में की गई। ओपीध्यक्ष पल्लवी कुमारी ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

४ लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

भगवानपुर(आससे)। तेयाय ओपी क्षेत्र के अतरुआ गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर ४ लीटर देसी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। ओपीध्यक्ष पल्लवी कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी की पहचान अतरुआ निवासी उपेन्द्र चौधरी की पत्नी सीता देवी के रूप में की गई। ओपी ध्यक्ष पल्लवी कुमारी, पीटीसी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी के घर से ४ लीटर देसी शराब बरामद किया। पुलिस ने थाने में उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गोधना के डॉ. रितेश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज

बछवाड़ा(आससे)। प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता की नई इबारत लिखने वाले बछवाड़ा प्रखंड के गोधना गांव निवासी डा. रितेश चौधरी ने अपनी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित प्रतिष्ठित हिल हाफ मैराथन में शानदार भागीदारी करते हुए उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से जुड़ी उपलब्धि में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी इस सफलता से गोधना गांव सहित पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। इस संबंध में मोबाइल फोन पर जानकारी देते हुए डा. रितेश चौधरी ने बताया कि छह सितंबर को महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित १५वीं पुनीत बालन ग्रुप सतारा हिल हाफ मैराथन में उन्होंने हिस्सा लिया था। सतारा रनर्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल ७,८३६ धावकों ने भाग लिया। चुनौतीपूर्ण रास्तों पर आयोजित इस दौड़ में उन्होंने २१.०९७५ किलोमीटर की दूरी निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक पूरी की। इस आयोजन से जुड़ी गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स की उपलब्धि के लिए उन्हें आधिकारिक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। शिक्षक परिवार में हुआ जन्म, मेहनत से बनाई पहचान डा. रितेश चौधरी का जन्म गोधना गांव में शिक्षक रविन्द्र चौधरी उर्फ रामसुबक चौधरी के परिवार में हुआ।

खोदावंदपुर प्रीमियर लीग सीजन-१ के फाइनल में रौनक इलेवन दौलतपुर बना चैंपियन

बेगूसराय(आससे)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में रविवार को खोदावंदपुर प्रीमियर लीग सीजन-१ का फाइनल मुकाबला करीम इलेवन तेतराही और रौनक इलेवन दौलतपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रौनक इलेवन दौलतपुर की टीम ने करीम इलेवन तेतराही को २४ रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर उत्साह बढ़ाया। फाइनल मुकाबले में करीम इलेवन तेतराही की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रौनक इलेवन दौलतपुर की टीम ने १५.४ ओवर में सभी १० विकेट खोकर १८२ रन बनाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी करीम इलेवन तेतराही की टीम निर्धारित १६ ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर १५८ रन ही बना सकी। इस तरह रौनक इलेवन दौलतपुर ने २४ रनों से जीत दर्ज कर चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख संजू देवी, सागी पंचायत के मुखिया मुखिया इरशाद आलम, पंसस जुनैद अहमद उर्फ राजू, बाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया टिंकू राय और रामपदारथ महतो, सरपंच दिलदार हुसैन, प्रतिनिधि तरुण कुमार रौशन, धर्मेंद्र कुमार, नवीन कुमार धर्मा, उपमुखिया कामेश्वर महतो, समाजसेवी जयदेव कुमार सिन्दु, रामनरेश महतो, डॉ. अजहर हुसैन, संतोष कुमार, फिरोज अख्तर हेना, प्रभात कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

इंटर, मैट्रिक परीक्षा का पंजीयन ६ तक

भगवानपुर(आससे)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा २०२८ के लिए पंजीयन एवं अनुमति आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। वंचित विद्यार्थी अब छह नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में अंतिम तिथि २४ अक्तूबर निर्धारित थी। बोर्ड के अनुसार शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि पांच नवंबर तथा ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि छह नवंबर तय की गई है। विद्यालय प्रधान समिति के पोर्टल पर लॉगिन कर आवेदन भर सकते हैं। प्रधान वेबसाइट से यूजर आईडी एवं पासवर्ड द्वारा छूटे हुए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे।

पत्रकार को मोबाइल फोन से दी गयी धमकी

बलिया(आससे)। बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सदानंदपुर निवासी पूर्व सैनिक सह डिजिटल मीडिया पत्रकार संतोष राय को दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में संतोष राय ने बलिया थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दिए गए आवेदन के अनुसार, २५ अक्टूबर २०२६ की सुबह करीब ७ बजे संतोष राय के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए चित्रगुप्त नगर थाने में दर्ज एक मामले का जिक्र किया। आरोप है कि उसने संतोष राय के बेटे को केस में फंसाने की धमकी देते हुए ५० लाख रुपये तैयार रखने की बात कही।

यौन उत्पीड़न मामले में प्राथमिकी दर्ज

बछवाड़ा(आससे)। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीडन का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने बछवाड़ा थाने में आवेदन देकर भगवानपुर थाना क्षेत्र के गहुनी वार्ड संख्या एक निवासी मो. एहसान अंसारी पर बहला फुसलाकर यौन शोषण कर गर्भवती कर देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि आरोपित बीते एक साल से उनके साथ यौन शोषण कर रहा है। इस बीच जब वह गर्भवती हो गई तो उसे शादी की बातें कह कर गर्भनिरोधक गोलियां खिलाकर उसे गर्भपात करा दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित से प्राप्त आवेदन के पश्चात सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, विनय कुमार पिता गुलाब चंद्र ठाकुर मुहल्ला खुरमाबाद थाना सिवान (मु) जिला सिवान शपथ कर्ता के पुत्र का नाम आधार कार्ड नं.-302240372665 में भूलवश दुर्गेश ठाकुर हो गया है, परन्तु मूलरुप से शपथकर्ता के पुत्र का नाम अक्षत कुमार है। शपथकर्ता के पुत्र दुर्गेश ठाकुर को अब अक्षत कुमार के नाम से जाना जाएगा। अक्षत कुमार व दुर्गेश ठाकुर एक ही लड़के का नाम है। शपथ पत्र संख्या 86 दिनांक 15.10.2026.

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, मृत्यंजय कुमार भक्त MRITUNJAY KUMAR BHAKT पिता शिवनाथ प्रसाद SHEO NATH PRASAD साकिन-रकौली, पो.-संठी, थाना-रघुनाथपुर, जिला-सिवान का निवासी हूं। शपथपूर्वक निम्नलिखित निवेदन करता हूं कि शपथकर्ता के आधार कार्ड सं.-3130 1485 4261 है। शपथकर्ता का ड्राईवरी लाइसेन्स जिला परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश से बना है, जो लाइसेन्स नं.-UP52-20110000438 जो ट्रान्सफर कर बिहार सिवान में आया है। शपथकर्ता का ड्राइवरी लाईसेन्स बना है उसमें शपथकर्ता के पिता का नाम अंग्रेजी में SHEO NATH PRASAD सही है जो गलती से SHIV NATH PRASAD हो गया है जो सुधार करना जरूरी है जो SHIV का सुधार कर SHEO सही करना है। शपथ पत्र सं.-4101 दि. 14.10.26

9/484/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी

आम सूचना

समाहर्ता, बेगूसराय के पत्रांक-२१०७/रा०, दिनांक-२२/०६/२०२६ के आलोक में एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के श्रंन०-१७३२२/२०२२ के दिशा निर्देशानुसार श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर मक्खाचक, वार्ड नं०-२०, नगर परिषद बखरी, थाना-बखरी, जिला-बेगूसराय की व्यवस्था हेतु न्यास समिति के गठन के लिये सभी इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सभी योग्य इच्छुक व्यक्ति वांछित कागजातों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी के कार्यालय में दिनांक-२७/१०/२०२६ से ०३/११/२०२६ तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

निवेदक
जिला प्रशासन
बेगूसराय।